गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ किसान मेला

पंतनगर। 20 अक्टूबर 2022। विष्वविद्यालय के चार–दिवसीय किसान मेले का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज गांधी हाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सलाहकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भारत सरकार, डा. ए.के. रावत थे। इस अवसर पर कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेषक एवं कुलपति, एनडीआरआई, करनाल, डा. धीर सिंह, विधायक लालकुआं, डा. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक, श्री राजेष शुक्ला निदेषक प्रसार षिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा एवं संयुक्त निदेषक शोध, डा. के.पी सिंह भी मंच पर उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि, डा. ए.के. रावत ने कहा कि भारतवर्ष में यह एक ऐसा मेला है, जिसमें किसान नयी तकनीकियों की जानकारी के लिए आतुर रहता है। पंतनगर विष्वविद्यालय का हरित क्रांति में अहम योगदान रहा है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं, नीतियां, कार्यक्रमों को किसानों को ग्रहण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसान यदि नयी तकनीकियों का उपयोग अपनी फसलों में करे तो अपनी आय में वृद्धि कर सकता है। डा. मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि देष ही नहीं अपितु विदेषों में भी यह किसान मेला प्रसिद्व है, जिसमें विष्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की कडी मेहनत एवं लगन का परिणाम है। कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने मेले में आये हुए समस्त स्टाल धारकों को बधाई दी, जिनके सहयोग से इस किसान मेले को सफल किया जा सका है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह सहयोग आपसे अपेक्षित रहेगा।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में चार दिवसीय 112वें किसान मेले के बारे में जानकारी देते हुए डा. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विष्वविद्यालय के विभिन्न बीज केन्द्रों से किसानों द्वारा रू. 90 लाख के बीजों की बिक्री की गयी। उन्होंने बताया कि इस मेले में विभिन्न फर्मों, विष्वविद्यालय एवं अन्य सरकारी संस्थाओं के लगभग 600 स्टाल लगाये गये व लगभग 15000 पंजीकृत एवं अपंजीकृत किसानों ने मेले का भ्रमण किया।

सभी मुख्य अतिथि द्वारा सर्वोत्तम स्टाल के लिए मैसर्स न्यू हालैंण्ड ट्रैक्टर, रामपुर तथा सर्वोत्तम प्रदर्षन के लिए मैसर्स ए.एच. एसोसिएट, काषीपुर एवं मैसर्स लूबी इन्डस्टी एलएलपी, गाजियाबाद के प्रतिनिधियों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं स्टालों के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। किसान मेला प्रभारी एवं निदेषक संचार, डा. एस.के. बंसल ने पुरस्कार वितरण का संचालन एवं मेले में आए सभी स्टाल धारकों का आभार व्यक्त किया।

समापन समारोह में सभी अतिथियों ने मेले में लगी उद्यान प्रदर्षनी में विष्वविद्यालय व अन्य सरकारी संस्थानों के स्टालों को उनके प्रदर्षन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही मेले में लगाये गये विभिन्न वर्गों के स्टॉलों को भी उनके प्रदर्षन व बिक्री के आधार पर पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों को डा. के.पी. सिंह ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद दिया।

किसान मेले के समापन समारोह में संबोधन करते मुख्य अतिथि, डा. ए.के. रावत।

मेले में सर्वोत्तम स्टाल का पुरस्कार मैसर्स न्यू हालैण्ड ट्रेक्टर, रामपुर को प्रदान करते अतिथिगण।

मेले में सर्वोत्तम प्रदर्षन का पुरस्कार मैसर्स ए.एच. एसोसिएट, काषीपुर 4. मैसर्स लूबी इन्डस्टी एलएलपी, गाजियाबाद को प्रदान करते अतिथिगण।